# जन्मों जन्मों तक अपना ये नाता रहे भजन लिरिक्स

बाबा ओ मेरे बाबा,
जन्मों जन्मों तक,
अपना ये नाता रहे,
दाता नाता ये,
तुमको भी भाता रहे,
भाता रहे,
बाबा ओ मेरे बाबा।bd।

तर्ज – गंगा मैया में जबतक।

---

तुमने ऐसा किया, मुझ पे जादू,
आता रहता हूं, दर पे मैं खाटू,
लागी तेरी लगन,
रहता तुझमें मगन,
इतना चाहूं, तू मुझको,
बुलाता रहे, बुलाता रहे,
बाबा ओ मेरे बाबा।bd।

---

मुझको अपनों ने,जब भी रुलाया,
तुमसे हर दर्द, दिल का छुपाया,
हंस के सब कुछ सहा,
तुझसे कुछ ना कहा,
ताकि हरपल ही तू,
मुस्कुराता रहे मुस्कुराता रहे,
बाबा ओ मेरे बाबा।bd।

---

कहता पागल, जब मुझको ज़माना,
याद करता, तुझे ये दीवाना,
तुझे ‘जालान’ कहे, एक ना बाकी रहे,
अपनी रहमत, तू सबपे,
लुटाता रहे, लुटाता रहे,
बाबा ओ मेरे बाबा।bd।

---

बाबा ओ मेरे बाबा,
जन्मों जन्मों तक,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

अपना ये नाता रहे,
दाता नाता ये,
तुमको भी भाता रहे,
भाता रहे,
बाबा ओ मेरे बाबा।bd।

स्वर – निशा शर्मा।
भजन लेखक – पवन जालान।
94160-59499 भिवानी (हरियाणा)

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com